# UPSC MAINS-2015

## सामान्य अध्ययन /GENERAL STUDIES

## प्रश्न–पत्र–1/Paper – 1

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |

---

### प्रश्न–पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़े :

इसमें बीस प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे है।

सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए है।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश–पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यू.सी.ए) पुस्तिका के मुख–पृष्ट पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्न–सह–उत्तर–पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

*Please read each of the following instructions carefully before attemping questions :*

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH***

*All the questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in question, wherever specified, should be adhered to.*
*Any page or portion of the page left blanks in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। शब्द–विस्तार की अपेक्षा प्रश्नोत्तर की अन्तर्वस्तु अधिक महत्वपूर्ण है। सभी प्रश्नों के अंक समान है।

**Answer the following questions in not more than 200 words each. Contents of the answers are more important than their lenth. All question carry equal marks.** 12½ x20=250

Q.1 "भारत की प्राचीन सभ्यता, मिस्र, मीसोपोटामिया और ग्रीस की सभ्यताओं से, इस बात में भिन्न है कि भारतीय उपमहाद्वीप की परंपराएं आज तक भंग हुए बिना परिरक्षित की गई है।" टिप्पणी कीजिये।

The ancient civilization in Indian sub-continent differed from those of Egypt, Mesopotamia and Greece in that its culture and traditions have been preserved without a breakdown to the present day. Comment. 12½

Q.2 'भारत की मध्यपाषाण शिला–कला न केवल उस काल के सांस्कृतिक जीवन को, बल्कि आधुनिक चित्र–कला से तुलनीय परिष्कृत सौंदर्य–बोध को भी, प्रतिबिंबित करती है।' इस टिप्पणी का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

Mesolithic rock cut architecture of india not only reflects the cultural life of the times but also a fine aesthetic sense comparable to modern painting. Critically evaluate this comment. 12½

Q.3 महात्मा गांधी के बिना भारत की स्वंतत्रता की उपलब्धि कितनी भिन्न हुई होती ? चर्चा कीजिये।

How different would have been the achievement of independence without Mahatma Gandhi ? Discuss. 12½

Q.4 अपसारी उपागमों और रणनीतियों के होने के बावजूद, महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अम्बेडकर का दलितों की बेहतरी का एक समान लक्ष्य था। स्पष्ट कीजिये।

Mahatma Gandhi and Dr.B.R.Ambedkar, despite having divergent approaches and strategies, had a common goal of amelioration of the downtrodden. Elucidate. 12½

Q.5 स्वतंत्र भारत के लिए संविधान का मसौदा केवल तीन साल में तैयार करने के ऐतिहासिक कार्य को पूर्ण करना संविधान सभा के लिए कठिन होता, यदि उनके पास भारत सरकार अधिनियम, 1935 से प्राप्त अनुभव नही होता। चर्चा कीजिये।

It would have been difficult for the constituent Assembly to complete its historic task of drafting the Constitution for Independent India in just three years but for the experience gained with the Government of India Act, 1935. Discuss. 12½

Q.6 क्या कारण था कि औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम इंग्लैण्ड में घटी थी ? औद्योगीकरण के दौरान वहाँ के लोगों की जीवन–गुणता पर चर्चा कीजिये। भारत में वर्तमान में जीवन–गुणता के साथ वह किस प्रकार तुलनीय है ?

Why did the industrial revolution first occur in England ? Discuss the quality of life of the people there during the industrialization. How does it compare with that in India at present ? 12½

Q.7 किस सीमा तक जर्मनी को दो विश्व युद्धों का कारण बनने का जिम्मेदार ठहराया जा सकता है ? समालोचनात्मक चर्चा कीजिये।

To what extent can Germany be held responsible for causing the two World Wars ? Discuss caritically. 12½

Q.8 भारत में विविधता के किन्हीं चार सांस्कृतिक तत्वों का वर्णन कीजिये और एक राष्ट्रीय पहचान के निर्माण में उनके आपेक्षित महत्व का मूल्य निर्धारण कीजिये।

Describe any four cultural elements of diversity in India and rate their relative significance in building a national identity. 12½

Q.9 समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिये कि क्या बढ़ती हुई जनसंख्या निर्धनता का मुख्य कारण है या कि निर्धनता जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण है।

Critically examine whether growing population is the cause of poverty OR poverty is the main cause of population increase in India. 12½

Q.10 आप उन आंकड़ों को किस प्रकार स्पष्ट करते है, जो दर्शाते है कि भारत में जनजातीय लिंगानुपात, अनुसूचित जातियों के बीच लिंगानुपात के मुकाबले, महिलाओं के अधिक अनुकूल है।

How do you explain the statistics that show that sex ratio in Tribes in India is more favourable to woman than the sex ratio among Scheduled Castes ? 12½

Q.11 पिछले चार दशकों में, भारत के भीतर और भारत के बाहर श्रमिक प्रवसन की प्रवृतियों में परिवर्तनों पर चर्चा कीजिये।

Discuss the changes in the trends of labour migration within and outside India in the last four decades. 12½

Q.12 भारत में महिलाओं पर वैश्वीकरण के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा कीजिये।

Discuss the positive and negative effects of globalization on woman in India. 12½

Q.13 इस मुद्दे पर चर्चा कीजिये कि क्या और किस प्रकार दलित प्राख्यान (ऐसर्शन) के समकालीन आंदोलन जाति विनाश की दिशा में कार्य करते है।

Debate the issue of whether and how contemporary movements for assertion of Dalit indentity work towards annihilation of caste. 12½

Q.14 महासागरी धाराओं की उत्पत्ति के उत्तरदायी कारकों को स्पष्ट कीजिए। वे प्रादेशिक जलवायुओं, समुद्री जीवन तथा नौचालन को किस प्रकार प्रभावित करती है ?

Explain the factors responsible for the origin of ocean currents. How do they influence regional climates, fishing and navigation ? 12½

Q.15 मुंबई, दिल्ली और कोलकाता देश के तीन विराट नगर हैं, परंतु दिल्ली में वायु प्रदूषण, अन्य दो नगरों की तुलना में कहीं अधिक गंभीर समस्या है। इसका क्या कारण है ?

Mumbai, Delhi and Kolkata are the three mega cities of the country but the air pollution is much more serious problem in Delhi as compared to the other two. Why is this so ?

12½

Q.16 भारत अलवणजल (फ्रैश वाटर) संसाधनों से सुसंपन्न है। समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिये कि क्या कारण है कि भारत इसके बावजूद जलाभाव से ग्रसित है।

India is well endowed with fresh water resources. Critically examine why it still suffers from water scarcity. 12½

Q.17 पर्यटन की प्रोन्नति के कारण जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के राज्य अपनी पारिस्थितिक वहन क्षमता की सीमाओं तक पहुँच रहे है ? समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

The states of Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh and Uttarakhand are reaching the limits of their ecological carrying capacity due to tourism. Critically evaluate. 12½

Q.18 आप कहाँ तक सहमत हैं कि मानवीकारी दृश्यभूमियों के कारण भारतीय मानसून के आचरण में परिवर्तन होता रहा है? चर्चा कीजिये।

How far do you agree that the behavior of the Indian monsoon has been changing due to humanizing landscapes ? Disuss. 12½

Q.19 'भारत में स्मार्ट नगर स्मार्ट गाँवों के बिना जीवित नहीं रह सकते है।' ग्रामीण–नगरीय एकीकरण की पृष्ठभूमि में इस कथन पर चर्चा कीजिये।

Smart cities in India cannot sustain without smart villages. Discuss this statement in the backdrop of rural urban integration. 12½

Q.20 उत्तराध्रव सागर में तेल की खोज के क्या आर्थिक महत्व हैं और उसके संभव पर्यावरणीय परिणाम क्या होंगे ?

What are the economic significances of discovery of oil in Arctic Sea and its possible environmental consequences ? 12½